# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा आज लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह में हुए शामिल : केन्द्रीय मंत्री नड्डा ने कहा– देश के साथ दुनिया की स्वास्थ्य सेवाओं की जरुरतों को पूरा कर रहा है भारत।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर राष्ट्र को समर्पित करेंगे 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की प्रधानमंत्री के आगमन और लोकार्पण कार्यों की आज समीक्षा।
3. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने आज इटावा में कहा– देश की सभी भाषाओं में नागरिकों को मिलेंगे सुप्रीमकोर्ट के फैसले।

और

4. प्रदेश भर में कोहरे और ठंड से जनजीवन प्रभावित, 25 से ज्यादा जिलों में घने कोहरे का रेड अलर्ट : राजधानी लखनऊ सहित 30 से अधिक जनपद शीत दिवस की चपेट में।

---

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और कन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा आज लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने की। राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा की पूर्णता तभी है जब वह करूणा संवेदना और सेवाभाव से जड़कर मानवता के कल्याण का माध्यम बने। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि केजीएमयू आना मेरे लिए गौरव का क्षण है। श्री नड्डा ने कहा कि भारत चिकित्सा के क्षेत्र में तेजो से आगे बढ़ा है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, दुनिया की सबसे बड़ा हेल्थ कवरेज प्रोग्राम है। उन्होंने कहा कि भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ही नहीं दुनिया भर की स्वास्थ्य सेवाओं की जरुरतों को पूरा कर रहा है। बाइट....

*आज देश की जो आवश्यकता है, उसके लिए पॉलिसी मेकर्स ने प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत को सक्षम बनाया है और हम आज वी आर नॉट ओनली केटरिंग द हेल्थ फॉर सर्विसेज ऑफ द कंट्री। हम दुनिया की हेल्थ सर्विसेज को भी केटर कर रहे हैं। यह हमारी ताकत बनी है और इसको हमको आगे बढ़ाना है।*

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केजीएमयू बहुत ही पुराना

संस्थान है और वर्षों से चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। बाइट....

*केजीएमयू का अपना एक गौरवशाली इतिहास है। आज देश में चिकित्सा व्यवस्था एवं चिकित्सकीय सेवाओं की जब चर्चा होती है तो इस विद्यालय का अपना एक अलग स्थान रहता है। सदियों से केजीएमयू देश के लाखों मरीजों के लिए आशा का स्तंभ रहा है।*

इस अवसर पर कुल 2,441 छात्र छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गई।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज एक महत्वपूर्ण बैठक में आगामी 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन तथा नवनिर्मित 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' के लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लखनऊ को प्रदान किया जा रहा यह उपहार राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक विरासत एवं गौरव का प्रतीक बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सुरक्षा, यातायात, प्रोटोकॉल, आतिथ्य एवं भीड़ प्रबंधन से संबंधित सभी व्यवस्था उच्चतम मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल के कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

——————————

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत आज इटावा में हिंदी सेवा निधि कार्यक्रम में शामिल हुए। इस

अवसर पर उन्होंने कवियों और साहित्यकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि इटावा हिंदी सेवा निधि न्यास इटावा ही नहीं पूरे देश में पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि कोर्ट में स्थानीय भाषाओं में बहस और फैसले आएं इसका प्रयास रहेगा, सुप्रीमकोर्ट में 16 भाषाओं में अनुवाद शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जितनी भाषाएं हैं सुप्रीमकोर्ट के फैसले और प्रोसिडिंग आम आदमी तक पहुंचे यह प्रयास जारी है। बाइट...

*हमने अभी से 16 भाषाओं में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का अनुवाद करना शुरू कर दिया है। आज देश का कोई नागरिक अगर वह उत्तर प्रदेश में है, मध्य प्रदेश में है, बिहार में है तो उसको हमारे फैसले को हिंदी में उसकी रूपांतरित कॉपी मिलेगी और हमारा प्रयास है कि देश की जितनी भी भाषाएं हैं जिनको संविधान में या कानून में माना गया है उन सभी भाषाओं में सुप्रीम कोर्ट के फैसले सुप्रीम कोर्ट की सारी प्रोसीडिंग और सुप्रीम कोर्ट का जो रोजाना का जो दिनचर्या का जो कार्यवाही है उसका उन्हीं भाषाओं में सरल भाषाओं में आम आदमी तक वह पहुंचे, ऐसा हमारा प्रयास इसमें जारी रहेगा।*

——————————

केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज अयोध्या पहुंच कर श्रीराम लला का दर्शन–पूजन किया । उन्होंने कहा कि अयोध्या आना सौभाग्य की बात है। बाइट...

*श्रीराम लाला जी का जन्मस्थान जब कभी भी आने का छोटा सा भी कोई अवसर मिलता है तो उससे चुकती नहीं हूं और यहां आना अपने आप में एक बहुत ही बड़ी बात है।*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान जारी है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ में कहा कि एसआईआर मतदाता सूची के शुद्धिकरण का काम था और यह बहुत आवश्यक था। श्री मौर्य ने इसके लिए चुनाव आयोग का आभार व्यक्त किया। बाइट....

*एसआईआर मतदाता सूची के शुद्धिकरण का काम यह बहुत आवश्यक था और चुनाव आयोग को इसके लिए हम आभार प्रकट करना चाहते हैं कि एक बहुत बड़ा काम जो 20–20 वर्ष में लगातार पहले भी होता रहा है लेकिन इस समय जो हो रहा है यह आने वाले समय के लिए चुनावों में शुद्धता के लिए, मतदाताओं की सत्यता के लिए, विदेशी घुसपैठियों से मुक्त मतदाता सूची के लिए और जो मतदाता स्वर्गीय हो गए हैं उनको मतदाता सूची से हटाने के लिए जिनके नाम एक से अधिक स्थान पर उनका एक स्थान पर करने के जो हमारा युवा 18 साल की आयु पूरी कर रहा है, उसका मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए यह अभियान चल रहा है।*

——————————

विकसित भारत–रोज़गार और आजीविका मिशन ग्रामीण की गारंटी विधेयक–2025 संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुका है। विधेयक से हर वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण

परिवार को 125 दिन का रोजगार मिलेगा। इसका प्रदेश के किसानों और ग्रामीणों ने स्वागत किया है। अमरोहा के फौलादपुर गांव की प्रधान मनु यादव ने कहा कि इस योजना से जहां ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, वहीं लोगों को रोजगार के भरपूर अवसर मिलेंगे। बाइट....

*इस योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, वहीं लोगों को रोजगार के बहुत अवसर भी मिलेंगे क्योंकि इसका दायरा बढ़ाया जा रहा है। इसमें जो ग्रामीण मजदूर वर्ग है, उसमें जो पहले 100 दिन का रोजगार था, अब उसकी अवधि बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है।*

———————

प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर की अध्यक्षता में आज लखनऊ में श्रम एवं सेवायोजन विभाग की आगामी दो वर्षों की प्रस्तावित कार्ययोजना संबंधी बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर श्री राजभर ने कहा कि श्रमिकों के लिये चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का वृहद स्तर पर प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों को प्रत्येक दशा में समय–सीमा के अन्तर्गत पूर्ण किया जाये। उन्होने कहा कि सरकार का संकल्प है कि 2027 तक प्रदेश को बालश्रम से मुक्त कर दिया जायेगा।

———————

शहरीकरण की चुनौतियों और समावेशी विकास पर व्यापक विमर्श हेतु केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में आज भोपाल में उत्तर–मध्य क्षेत्र के शहरी विकास से संबंधित विषयों पर

एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उत्तर–मध्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राज्यों में शहरी विकास की वर्तमान स्थिति, अधोसंरचना की जरूरतों, आवास, परिवहन, स्वच्छता, ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण तथा स्मार्ट और टिकाऊ शहरों के निर्माण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बैठक में सहभागिता करते हुए प्रदेश के शहरी विकास से जुड़े अनुभव और नवाचार साझा किए।

——————————

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा श्रीरामलला की प्राण–प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर आयोजित द्वितीय प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम उत्सव एवं उमंग क साथ संपन्न हो गया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को मूर्त रूप देने के लिए आज विभिन्न मठ मंदिरो के संतों और श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन इस बार 31 दिसंबर को होगा। ट्रस्टी डॉ. डॉक्टर अनिल मिश्र ने बताया कि 29 दिसंबर से 2 जनवरी तक होने वाले उत्सव के दौरान मंदिर परिसर में नियमित दर्शन स्वाभाविक रूप से जारी रहेंगे।

——————————

प्रदेश में घने कोहरे और भीषण ठंड से जन–जीवन प्रभावित हो गया है। मौसम विभाग ने राज्य के 25 से

ज्यादा जिलों में कल सुबह तक के घने कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं 30 से अधिक जिलों में अति शीत दिवस का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि राजधानी लखनऊ सहित 30 से अधिक जिलों में शीत दिवस का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

——————————